# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R) 227
महासचिव : 220227 (O) 224
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र
संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा
कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या 45

पटना
दिनांक 6-9-2001

प्रेस विज्ञप्ति
=============

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक श्री डब्लू० एन० सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 2-9-2001 को सम्पन्न हुई, की सम्पुष्टि सर्वसम्मति से की गई।

महासचिव द्वारा संघ की मांगों पर सरकार द्वारा निर्गत निदेश के संबंध में अद्यतन स्थिति से सदस्यों को अवगत कराया गया। सरकार के अनुपालन की शुन्यता पर सदस्यों द्वारा गंभीर चिन्ता व्यक्त की गई एवं विभागीय सचिव की हठधर्मिता की कटु आलोचना की गई। कार्मिक सचिव को माननीया मुख्य मंत्री के आदेश की परवाह नहीं है। वेतन स्वीकृत करने के मामले पर माननीया मुख्य मंत्री महोदया का 2 बार आदेश प्राप्त होने, वित्त विभाग की सहमति मिल जाने के बावजूद कार्मिक सचिव तरह तरह की साजिश रचकर आदेश निर्गत करने में अड़चन डालकर सेवा संघ को पुन: आन्दोलन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। समझौते के आलोक में मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार 31 दिसम्बर 2000 तक सभी स्तरों पर प्रोन्नति देने के साथ-साथ प्रोन्नति की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए एक वर्ष के लिए होने वाली रिक्ति की सूची, केन्द्रीय पैटर्न पर बनाना था जो आज तक नहीं बन पाया। कार्मिक सचिव अपनी हठधर्मिता के कारण निगरानी विभाग से प्राप्त अनुशंसा को न केवल कालबाधित करा देते हैं बल्कि दबाव के कारण प्रोन्नति की बैठक अगर हो भी गयी तो उसमें देरी कराकर पुन: निगरानी विभागी अनुशंसा प्राप्त करने का बहाना बनाते हैं यानि कुल मिलाकर किसी स्तरों पर प्रोन्नति न हो, ऐसा सुनिश्चित करते हैं। यही स्थिति आरोप, पदस्थापन, अवधि विस्तार, अवकाश की स्वीकृति में

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

**प्रशासनिक सेवा भवन**

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R) 22787
महासचिव : ~~220227~~ (O) 22477, 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph


पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक...............................



अनावश्यक बिलम्ब, पदस्थापन में भेदभाव त्रिx यानि निम्न स्तर के पदाधिकारी को ऊँच स्तर के पदाधिकारी के ऊपर पदस्थापन की कार्रवाई करने से बाज नहीं आते कार्मिक विभाग की स्थिति यह है कि बिना भेंट चढ़ाये अथवा सौगात ग्रहण किये कोई भी संचिकायें नहीं बढ़ायी जाती है । पेंशन की स्वीकृति में व्यक्तिगत द्वेष को सामने रखकर कार्रवाई की जाती है।

मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार विशेष सचिव के समकक्ष पद एवं वेतनमान की स्वीकृति 31 दिसम्बर 2000 तक दिया जाना था जिसे आज तक नहीं दिया जा सका है । सरकार का यह स्पष्ट आश्वासन था कि बिहार में अगर किसी भी सरकारी कर्मचारी को 8000 का बेसिक वेतनमान दिया जायेगा तो बिहार प्रशासनिक सेवा को ही मिलेगा अथवा ऐसा नहीं होने की स्थिति में डेनिक्स और डेपिक्स में मिलने वाले बेसिक ग्रेड का वेतनमान बिहार प्रशासनिक सेवा को स्वीकृत किये जायेंगे । संघ यह स्पष्ट कर रहा है कि बिहार में विश्वविद्यालय शिक्षकों, जिसे सरकारी सेवक माना जा चुका है को 8000 का बेसिक वेतनमान स्वीकृत किया जा चुका है । डेनिक्स और डेपिक्स के लिए बेसिक ग्रेड के पदाधिकारी को चार वर्षों की सेवा समाप्ति के साथ ही 8000-13500 का वेतनमान स्वीकृत किया गया है क्योंकि उसे ग्रेड "बी" की सेवा मानी गई है । फिटमेण्ट कमिटी की अनुशंसा के आलोक में बिहार प्रशासनिक सेवा को भी सरकार ने ग्रुप "बी" की सेवा माना गया है ऐसी स्थिति में सरकार के आश्वासन तथा फिटमेण्ट कमिटी की अनुशंसा के आलोक में हमारी सेवा के बेसिक ग्रेड के लिए

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


**प्रशासनिक सेवा भवन**
**जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१**

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)



*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


Truth Will Triumph

पत्र संख्या..........................  पटना

दिनांक..............................



8000-15500 का वेतनमान §बेसिक ग्रेड के लिए§ तुरंत स्वीकृत किये जायें । ऐसा नहीं होने से हमें फिर आन्दोलन की ओर अग्रसर होना होगा, जो हम कदापि नहीं चाहते हैं ।

बिहार प्रशासनिक सेवा के लिए अभी तक प्रशासनिक न्यायाधिकरण का गठन नहीं हो पाया है । सरकार द्वारा दिये गये आश्वासन के आलोक में प्रखण्ड एवं अंचलों के लिए अवर सेवा का गठन नहीं किया गया है जिसका प्रस्ताव सरकार के निदेशानुसार हम समर्पित कर चुके हैं । संघ को यह जानकारी मिली है कि कार्मिक सचिव अपने जिद्द एवं हठधर्मिता के कारण पुन: अवर उप समाहर्त्ता एवं उप समाहर्त्ता का सम्वर्ग बनाना चाहते हैं और ऐसा ही प्रस्ताव उन्होंने स्वयं बनाया भी है । संघ सरकार को स्पष्ट कर देना चाहता है कि यह स्थिति बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के लिए जीवन मरण का होगा। अतः समय रहते कार्मिक सचिव के प्रस्ताव को तुरंत अस्वीकृत करें, प्रखंड/अंचल के लिए यू०पी० के पैटर्न पर अवर सेवा का गठन करे अन्यथा संघ आन्दोलन के किसी भी स्तर तक जाने को बाध्य होगा ।

संघ बार-बार सरकार से यह अनुरोध करता रहा है कि पिछला हमारा आन्दोलन सिर्फ कार्मिक सचिव की हठधर्मिता के कारण हुई थी । हमारी यह माँग थी और है कि सरकार इसकी जाँच किसी सिटींग जज §माननीय उच्च न्यायालय§ से कराये ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस विभाग एवं किस एक ही पदाधिकारी के कारण इतनी लम्बी ~~xx~~ 66 दिनों की अभूतपूर्व हड़ताल हुई, जिसके लिए सरकार को केन्द्रीय अनुदान के करोड़ों रूपये या तो लैप्स हो गये या प्राप्त ही नहीं हुए, सरकार एवं जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ी । ऐसे दोषी कार्मिक सचिव पर सरकार कठोर कार्रवाई करे ताकि आगे ऐसी स्थिति न बने । हम सरकार को

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O)
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................



स्पष्ट कर दे रहे हैं कि कार्मिक सचिव की हठधर्मिता के कारण हमारे सदस्यों का मनोबल टूट रहा है, असंतोष की ज्वाला फूट रही है । ऐसा न हो कि बाढ़ एवं सूखा से प्रभावित जनता को पुनः हड़ताल/आन्दोलन की स्थिति का सामना करना पड़े जिससे सरकार को भी कठिनाई हो और जनता की परेशानी बढ़े । इसी परिप्रेक्ष्य में कई बार हमने मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव से मिलने की /डेलीगेशन से वार्त्ता के लिए समय देने का अनुरोध किया था पर ऐसा नहीं हो पाया । सरकार एवं मुख्य सचिव यह बतायें कि ऐसी स्थिति में हमारा संघ क्या करे ।

उल्लिखित स्थिति से विवश होकर केन्द्रीय कार्यकारिणी ने आज की बैठक में यह तय किया है कि 2 अक्तूबर को संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव शुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक का संघ भवन परिसर में उपवास रखेंगे, जिससे कार्मिक सचिव का पोल खुल सके, सरकार एवं जनता का ध्यान संघ की समस्याओं की ओर आकृष्ट किया जा सके । 3 अथवा 4 अक्तूबर को हम पुनः बैठक बुलाकर पुनः आन्दोलन का कार्यक्रम तैयार करेंगे, जिसमें सदस्यों द्वारा सचिवालय तक सामुहिक प्रदर्शन, मुख्य मंत्री, मुख्य सचिव का घेराव एवं अध्यक्ष द्वारा आमरण अनशन का कार्यक्रम भी हो सकता है संघ का यह मानना है कि अगर सरकार चाहे तो संघ एवं सरकार के बीच कई दौर की वार्त्ता भी हो सकती है तथा लम्बित सभी कार्यों का निपटारा भी किया जा सकता है ।

अंत में सधन्यबाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

गंगाधर
5-9-2001

§जी०एल०दास§
महासचिव ।

§डब्लू०एन०सिंह§
अध्यक्ष

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)



*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


Truth Will Triumph

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................

ज्ञापांक 45 / दिनांक 6-9-2001

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन/सभी हिन्दी एवं अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र/ब्यूरो प्रमुख, पी०टी०आई०/यू०एन०आई० एक्सप्रेस मिडिया सर्विस को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

(जी०एल० दास)
महासचिव ।

(डब्लू०एन० सिंह)
अध्यक्ष ।